तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 31 जनवरी 2024

10 लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर बोले भाजपा विधायक...

11 बड़े बकायादारों पर निगम ने कसा शिकंजा, 5 संस्थाओं ...




## खबर संक्षेप

### ग्राम घीना में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**बालोद।** ग्राम घीना में श्रीमद् भागवत कथा संगीतमय ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 1 से 9 फरवरी तक किया गया है। कथावाचक विनोद तिवारी महाराज होंगे। कथा दोपहर 12 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी। डिलेश्वर विश्वकर्मा, परमेश्वर सिन्हा और रूपसिंह रावटे ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है। कथा सुनने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की दुविधा ना हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कथा का प्रसारण विनोद तिवारी महाराज के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा।



### ग्राम भेजा मैदानी में श्रीमद् भागवत कथा 6 से

**गुरूर।** ग्राम भेजा मैदानी के बाजार चौक पर श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 6 फरवरी से किया गया है, जिसका समापन 14 फरवरी को होगा। कथावाचक पंडित मनोज दुबे होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 6 फरवरी को कलश यात्रा, वेदी स्थापना, गोकर्ण व्यास कथा से होगी। 7 फरवरी को परीक्षित जन्म, परीक्षित शुक संवाद की कथा होगी। 8 फरवरी को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 9 को भरत चरित्र, अजामिल, प्रहलाद कथा, 10 को गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वानम अवतार, 11 को श्री कृष्ण जन्म, माखन लीला की कथा होगी। 12 फरवरी को गोवर्धन लीला, रूक्मिणी विवाह, 13 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी के बाद 14 फरवरी को गीता, तुलसी वर्षा, हवन, तर्पण, पूर्णाहुति, भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



### जिला पंचायत की सामान्य सभा कल

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 01 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा गया है।

### गुरूर कॉलेज में आज वार्षिकोत्सव

**गुरूर।** स्वं डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में आज वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा रहेंगी। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय गुरूर डॉ. केएल रावटे करेंगे।

### देवरी-बंगला में 5 को पेंशनरों की बैठक

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा डौण्डीलोहारा एवं मारींबंगला देवरी की संयुक्त बैठक 5 फरवरी दिन सोमवार को समय 12 बजे दोपहर को देवरी बंगला के पुराना कम्युनिटीहाल में रखा गया है। यह मारीं बंगला देवरी तहसील का प्रथम बैठक है। इसलिए दोनों तहसील के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों से अनिवार्यत आने कहा गया है। बैठक में दोनों तहसील के कार्यक्षेत्र का पुनः निर्धारण किया जावेगा, साथ ही कौन-कौन से गांव एवं राजस्व मंडल क्षेत्र आवेंगे, साथ ही दोनों तहसील के कार्यवाही अलग-अलग पंजी में होगा एवं बालोद जिला की सदस्यता व तहसील की सदस्यता अलग-अलग रसीद से होना है। इसी प्रकार अन्य कार्य जैसे परिवार पेंशन, 80 वर्ष से ऊपर, नामिनी, डिसिस केश एवं संगठन के लिए कैसी व्यवस्था की जावेगी।

# गोबर से पेंट तो बना ली पर नहीं हो रही बिक्री, मजदूरी निकालना भी हो रहा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गोबर से बने पेंट के नहीं बिकने से स्व सहायता समूह की महिलाएं परेशान हैं। आमदनी तो दूर, उन्हें बिजली बिल, और मजदूरी भुगतान करने में भी परेशानी हो रही है। समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर गोबन से बने पेंटकी बिक्री सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर से पेंट का निर्माण किया जा रहा था। कुछ समय तक गोबर से बने पेंट की अच्छी बिक्री भी हुई, लेकिन विधानसभा चुनाव के पहले आचार संहिता लागू होते ही स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गोबर से पेंट तो बना दिया गया, लेकिन उसमें लगने वाली लागत और बिजली की खपत का भुगतान कर पाना अब समूह को भारी पड़ रहा है।

जिले की ग्राम पंचायत बरही के अंतर्गत ग्राम बरही में ही गौठान में गोबर पेंट इकाई संचालित है। इसका संचालन गांव के ही गौरी स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गोबर पेंट इकाई में पेंट बनाकर रखा हुआ है, लेकिन इसका विक्रय नहीं होने से समूह की महिलाओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर मांग सहयोग

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत बरही स्थित गौठान में गौरी स्वसहायता समूह द्वारा किया जाता है इकाई का संचालन



### हर माह 4 हजार आता है बिजली बिल

महिलाओं ने बताया कि पेंट बनाने की कई मशीनें यहां लगी हुई हैं, जिनका विद्युत बिल हर महीने लगभग 4 हजार रुपये आता है। महिलाओं ने बताया कि पेंट की बिक्री नहीं होने से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कलेक्टर से मांग की कि गोबर पेंट इकाई की संचालन के लिए यहां के गोबर से बने पेंट को शासकीय कार्यालयों व आवासों में पोताई के लिए निर्देशित करें, ताकि गोबर से बने पेंट की बिक्री से सदस्यों को उनकी मजदूरी का भुगतान किया जा सके, बिजली बिल का भुगतान कर इकाई का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में शैल सिन्हा, मंजू मंडावी, लता बाई, अमरौतिन बाई, कीर्ति निर्मलक, मोहिनी, पूर्णिमा, रीना, सुनीता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

**बैठक :** सांसद ने ली जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक

# केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का हो बेहतरीन क्रियान्वयन : विजय बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु विजय बघेल सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। श्री बघेल ने जनता की भलाई और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन और जिले के समग्र विकास को लेकर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों से समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। इसका लाभ पात्र कमजोर वर्ग तक पहुंचे। जिन योजनाओं की जानकारी जानता को होनी चाहिए वह उन्हें हो।

### पात्रों को दिलाएं पीएम आवास, पीएम फसल बीमा का लाभ




### मॉनिटरिंग पर दें ध्यान : बघेल

सांसद विजय बघेल ने निर्माणाधीन कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया। केन्द्र की योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ करने, जनप्रतिनिधियों से दूरस्थ अंचल में विभिन्न योजना के कार्यों को जल्द पूर्ण करने एवं लोगों को समझाने का आग्रह किया। उन्होंने अपूर्ण कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाईयों की भी जानकारी ली। उन्होंने लंबित भुगतान सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने उनके स्वावलंबन के लिए कार्य करने की बात कही।

### अधिकारियों ने दिया ब्योरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभिन्न योजनाओं, विभिन्न निर्माण कार्यों, गतिविधियों की और प्रगति के बारे में सांसद श्री बघेल को अवगत कराया। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती लीना मंडावी ने जिला पंचायत के तहत किए जा रहे कार्यों का ब्योरा दिया।

### समय-सीमा में करें काम : बघेल

बैठक में छत्तीसगढ़ के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री दयाल दास बघेल ने नवीनीकृत राशनकार्ड समय सीमा में कार्य योजना बना कर बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने संचालित राशन दुकानों को भी राशन कार्ड नवीनीकरण का लक्ष्य निर्धारण करने कहा। बैठक में विधायक बेमेतरा, विधायक साजा, नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यगण विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और जिले के जनपद पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे।

# एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में स्थित लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय के एनएसएस विंग द्वारा ग्राम पंचायत अंधियारखोर में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया था।

शिविर में समाधान महाविद्यालय से पीतांबर झा, कन्या विद्यालय से आयुर्वेद रत्न राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित डॉ. गोकुल प्रसाद बंजारे, सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय नवागढ़ से व्यवस्थापक संतोष खुराना, प्राचार्य संतोष देवांगन ने उपस्थित होकर बच्चों को जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएसएस के छात्राओं के द्वारा भी नशामुक्ति के लिए नुक्कड़ नाटक, विकसित भारत संकल्प यात्रा, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से गांव वालों को जागरूक किया। शिविर में राजेश दीवान, सरपंच नेहा साहू, बरबसपुर सरपंच रामसागर साहू, जनपद सदस्य संतोष साहू, समाज के वरिष्ठ नागरिक कुंजराम साहू, सहदेव साहू, बीरबल साहू सहित समस्त गणमान्य नागरिको का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सरस्वती चौहान, एनएसएस के सदस्य एवं सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार, दीनानाथ सारथी, शुभम जैन आदि शामिल हुए।



## लावातरा स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**बेरला।** विकासखंड बेरला के शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल लावातरा के तत्वावधान में राम प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत लावातरा की सरपंच सीता बाई कुर्रे एवं पंचगणों के द्वारा मां सरस्वती की पूजा से हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक गीतों जैसे कर्मा गीत, पंथी गीत, जस गीत, गणेश वंदना, गुरु वंदना, रामभक्ति गीत आदि गीतों पर मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों के द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित शिक्षाप्रद प्रहसन की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लावातरा के सरपंच, पंचगण, पूर्व सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण, तीनों स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं, पालकगण सहित बहुत अधिक संख्या में ग्रामवासी उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लिए। कार्यक्रम का संचालन भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल लावातरा ने किया।

- छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे दर्शक

# नशामुक्ति के लिए बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में महात्मा गांधी के पुण्यतिथी के अवसर पर नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल ने महात्मा गांधी की छायाप्रति पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर तथा महामाया पारा से बस स्टैंड नवागढ़ तक नगर भ्रमण कर नशा से होने वाले नुकसान के बारे में स्लोगन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रमुख विरेन्द्र जायसवाल ने सभी को नशा ना करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि एक सुसज्जित समाज का निर्माण तभी संभव है, जब हम स्वयं नशे न करते हुए दूसरे को भी नशा ना करने के लिए प्रेरित करें।



### एसपी आफिस में दी गई श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस पर दो मिनट मौन धारण कर महात्मा गांधी एवं अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट में रखा गया दो मिनट का मौन

**बेमेतरा।** स्व. महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नमन किया गया। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में कलेक्टर रणबीर शर्मा सहित जिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### संस्कार केन्द्र में महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया द्वारा पोषित सरस्वती संस्कार केन्द्र चीजगांव में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सरस्वती संस्कार केन्द्र के आचार्य, अध्यनरत विद्यार्थी एवं भूतपूर्व विद्यार्थी उपस्थित रहे। महात्मा गांधी ने आजादी की जंग अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीती। उन्होंने असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, भारत जोड़ो आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन के जरिए पूरे देश को एकजुट किया और अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। खास बात ये है कि वह सत्य, अहिंसा और आदर्शों के मार्ग पर पूरा जीवन चलते रहे।

शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक-1 का मामला

# सौ साल पुराने जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं बच्चे, जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

आदिवासी विकासखण्ड डोंडी की सबसे बड़ा ग्राम पंचायत व पूर्व का विधायक आदर्श ग्राम कुसुमकसा के शासकीय प्राथमिक शाला कुसुमकसा क्रमांक-1 के 102 साल पुराने जर्जर शाला भवन में आज भी बच्चों को पढ़ना पड़ रहा है। जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की अनदेखी के कारण नौनिहालों की जान खतरे में है, वहीं उनके पालक और चिंतित शिक्षक चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 102 साल पुराना शाला भवन का हाल का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त है। आधे हिस्से में जहां कक्षा लगती है, उसके ऊपर की लकड़ी खराब हो गई हैं, वहीं कवेलू भी कुछ जगह गिर गया है। दोपहर को सूर्य की तेज धूप सीधे बच्चों पर पड़ती है। इसके साथ ही बारिश में पानी गिरता है। हमेशा इस बात का भय बना रहता है कि कहीं कवेलू उन पर न गिर जाए।




### कई बार दिया आवेदन, पर नहीं सुनी गई मांग

शाला भवन में बालिकाओं के लिए शौचालय नहीं होने से छात्राओं व स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शाला के जिस कमरे में कक्षा पांचवी संचालित होती है, उसकी दीवार के उस पार बाहर में कूड़ादान बना हुआ है जिससे बदबू आती रहती है। बरसात के दिनों में बदबू बढ़ने से बच्चों का कक्षा में बैठना मुश्किल हो जाता है। शाला प्रबन्धन समिति द्वारा कई बार प्रस्ताव कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जर्जर भवन का नवनिर्माण कराने, बालिकाओं के लिये शौचालय का निर्माण व कूड़ादान को हटाने के लिए कई बार मांग की किन्तु उनकी मांगों को आज पर्यंत तक किसी ने नहीं सुना।

### नए कमरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत, उठे सवाल


ग्रामीणों ने बताया कि 100 साल में एक अतिरिक्त कक्ष व प्रधानपाठक कक्ष का ही निर्माण हो पाया है। कुछ साल पहले ही बनाए गए दोनों कक्षों का शासन द्वारा दो-दो लाख रुपयए की राशि स्वीकृत कर जीर्णोद्धार करवाया गया, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों को 100 साल पुराना जर्जर भवन नहीं दिखा। पुराने भवन की मरम्मत के स्थान पर नये भवन के जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत करने से भी सवाल उठने लगे हैं। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जयसिंह भारद्वाज ने जर्जर भवन के संबंध में दिखवाने की बात कही। वहीं, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि आदिवासी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने 100 साल पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराना उचित नहीं समझा और नए भवन की मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च कर दिए।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने 'द ड्रैगन वॉर्स' पुस्तक का किया विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 11 वर्षीय बालक सोहम जाऊलकर की पुस्तक 'द ड्रैगन वॉर्स' का विमोचन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने सोहम के टैलेंट की प्रशंसा करते हुए उन्हें भावी लेखन के लिए शुभकामनाएं दीं। वे अभी राजकुमार कॉलेज में कक्षा छठवीं में पढ़ रहे हैं। इस अवसर पर उनके पिता सुप्रसिद्ध नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. अनुज जाऊलकर और उनकी मां डॉ. स्मिता जाऊलकर विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. अनुज जाऊलकर ने बताया कि सोहम की बचपन से लेखन में रुचि है। किसी न किसी विषय पर वह नियमित रूप से लिखा करते है। बीते गर्मी की छुट्टियों में उन्होंने 'द ड्रेगन वॉर्स' पर केंद्रीत कहानी लिखी।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी 'शहीद दिवस' के अवसर पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि देश पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता।

### स्वच्छता अभियान का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**रायपुर।** बिरगांव नगर निगम में विशेष साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने उरला क्षेत्र में सफाई अभियान का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त के निर्देश पर बिरगांव में हर दिन एक जगह का चयन कर वहां विशेष सफाई की जा रही है। सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त उस क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्य, नल कनेक्शन, अतिक्रमण, मकान टैक्स, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोड-नाली मरम्मत कार्य, गुमास्ता लाइसेंस की स्थिति की भी जानकारी लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इस दौरान आयुक्त के साथ महापौर नंदलाल देवांगन, एमआईसी सदस्य मोहम्मद रियाज, वार्ड पार्षद सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एचएनएलयू में महात्मा गांधी स्मृति व्याख्यान

**रायपुर।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और एचएनएलयू में प्रतिष्ठित न्यायविद प्रोफेसर न्यायमूर्ति यूयू ललित 30 जनवरी को हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (एचएनएलयू) में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में विधि एवं नैतिकताः 'गांधीवादी परिप्रेक्ष्य' विषय पर तृतीय महात्मा गांधी मेमोरियल व्याख्यान देंगे। एचएनएलयू में विगत दो वर्षों से 30 जनवरी को महात्मा गांधी मेमोरियल व्याख्यान आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का स्मृति व्याख्यान शाम 4.30 बजे विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित किया जाएगा।

# शराब, कोल और डीएमएफ के बाद अब नगरीय निकायों पर बैठेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए घपले-घोटालों की जांच का सिलसिला तेज होने की संभावना है। राज्य में शराब, कोल और डीएमएफ घोटाले जैसे मामले ईओड्ब्लू को सौंपे जाने के बाद अब नगरीय निकायों के कामकाज की जांच पड़ताल की तैयारी है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक में यह रास्ता साफ कर दिया है। अब राज्यभर के नगरीय निकायों में पांच सालों में कराए गए कार्यों का मिलान होगा। ये देखा जाएगा कि कौन से काम बार-बार कराए गए हैं।

## मंत्री ने कहा- देखें एक काम का दो बार पेमेंट तो नहीं

### ये है मामला, इन तरह होगी जांच

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने विभाग नगरीय प्रशासन एवं विकास से जुड़े प्रदेशभर के नगरीय निकायों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में उन्होंने ये साफ कर दिया है कि पिछले पांच साल में सभी नगरीय निकायों में कराए गए कार्यों का हिसाब होगा। इस सिलसिले में उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस बात की जांच की जाए कि ऐसे कौन कौन से काम हैं, जो बार बार कराए गए हैं। जो काम बार बार कराए गए हैं, एक ही कार्य को दो बार स्वीकृति लेकर एक बार में ही कराया गया है। साथ ही यह भी देखा जाए कि किसी अन्य स्थल के काम के पूर्ण कार्य के फोटोग्राफ्स भेजकर प्राक्लन तैयार कर एक ही कार्य का दो बार भुगतान तो प्राप्त नहीं किया गया है।



### जांच के बाद शासन को अवगत कराएं

समीक्षा बैठक में ये साफ किया गया है कि यदि किसी भी काम में कोई गड़बड़ी की जाती है तो उससे शासन एवं संचालनालय को अवगत कराया जाए। माना जा रहा है कि समीक्षा बैठक में जो बातें सरकार की ओर से सामने आई है, उसके पालन में प्रदेशभर के नगरीय निकायों के पिछले पांच साल की जांच होना तय है। उल्लेखनीय है कि राज्य के कई बड़े नगर निगमों में निर्माण संबंधी घोटालों गड़बड़ियों की शिकायतों की भी जानकारी ली जा रही है।

### निकायों में आय से अधिक खर्च

समीक्षा बैठक में पाया गया है कि अनेक निकायों में आय से अधिक व्यय है। जिसके कारण शासन से अधिकारियों, कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, बिजली, इपीएफ आदि के लिए राशि की मांग की जाती है। निकाय मद अंतर्गत प्राप्त राशि से अन्य विकास कार्य में व्यय न किया जाकर सब से पहले अनिवार्य देनदारियों के भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही आय एवं स्थापना व्यय का संतुलन बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

### राजस्व वसूली की हर दिन समीक्षा

इसी बैठक में ये भी कहा गया है कि सभी निगमों में शत प्रतिशत राजस्व वसूली की जाए। व्यावसायिक एवं आवासीय संपत्तियों के बड़े बकायादारों की सूची अपडेट कर वसूली की जाए। प्रति सप्ताह वार्डवार राजस्व वसूली की समीक्षा हो। राजस्व निरीक्षकों से प्रतिदिन राजस्व वसूली की समीक्षा किए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## पूर्व मंत्री राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, लता उसेंडी, अजय चंद्राकर के नाम चर्चा में

# लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर बोले भाजपा विधायक, पार्टी का जो आदेश होगा, वही करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर अब भाजपा में इस बात की चर्चा हो रही है कि जिस तरह से विधानसभा के चुनाव में चार सांसदों को मैदान पर उतारा गया था, उसी तर्ज पर इस बार लोकसभा के चुनाव में भाजपा कुछ विधायकों पर दांव खेल सकती है। इस मामले में जब हरिभूमि ने भाजपा के करीब आधा दर्जन विधायकों से बात की, तो किसी ने भी यह नहीं कहा कि वह लोकसभा का चुनाव लड़ने का इच्छुक है या दावेदार है। इन सबका एक स्वर में यही कहना है, पार्टी का जो भी आदेश होता है, उसका हम पालन करते हैं। अगर पार्टी कहेगी कि लोकसभा का चुनाव लड़ना है, तो पार्टी के आदेश का पालन करेंगे।

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के भी लगातार दावेदारों के नाम सामने आ रहे हैं। हालांकि किसी भी लोकसभा से खुलकर यह बात सामने नहीं आ रही है कि वहां से किसी विधायक को चुनाव लड़ाया जाएगा। लेकिन कुछ नामों की चर्चा जरूर हो रही है। बिलासपुर से पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, महासमुंद से अजय चंद्राकर, रायगढ़ से पूर्व सांसद और वर्तमान में विधायक गोमती साय, रायपुर के पूर्व मंत्री और विधायक राजेश मूणत, सरगुजा से रेणुका सिंह का नाम आ रहा है कि इन पर पार्टी दांव खेल सकती है।

### सांसद से विधायक बनीं रेणुका सिंह और गोमती साय के भी वापस लोकसभा चुनाव लड़ने के कयास



### पार्टी का आदेश ही सर्वोपरि

*लोकसभा चुनाव को लेकर हरिभूमि ने जब इन विधायकों से बात की तो किसी ने भी खुलकर यह नहीं कहा कि उनकी इच्छा वास्तव में लोकसभा का चुनाव लड़ने की है। रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, हम तो पार्टी के कार्यकर्ता हैं, पार्टी का जो आदेश होता है उसका पालन किया जाता है। पार्टी जो कहेगी, वह करेंगे। कोंडागांव की विधायक और पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने कहा, पार्टी अब तक जो भी कहती है, वहीं करते हैं। आगे भी पार्टी का जो आदेश होगा, वह काम करेंगे। रायगढ़ की पूर्व सांसद और विधायक गोमती साय ने कहा, पार्टी ने आदेश दिया तो विधायक का चुनाव लड़ा और जीतने के बाद पार्टी के निर्देश पर सांसद के पद से इस्तीफा भी दिया। अब पार्टी जैसा आदेश करेगी, उसका पालन करेंगे। कुरुद के विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा, पार्टी का आदेश हमेशा से सर्वोपरि है, पार्टी जो कहेगी, वही करेंगे। बिलासपुर के विधायक और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी।*

# बैज ने कहा- धर्मांतरण पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा धर्मांतरण को लेकर दिये गये बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी मुख्यमंत्री को चुनौती देती है, वह धर्मातरण को लेकर श्वेतपत्र जारी करें। भारतीय जनता पार्टी की रमन सरकार में कितने चर्च बने थे और कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार के दौरान कितने चर्च बने।

भाजपा की जब-जब प्रदेश में सरकार रहती है, वह स्वयं धर्मांतरण को बढ़ावा देती है, ताकि इस मुद्दे पर बयानबाजी करके मतों का ध्रुवीकरण कर सके। भारतीय जनता पार्टी को हिन्दुत्व से, सनातन से कोई मतलब नहीं है। वो अपनी राजनीति करने के उद्देश्य से इस प्रकार की चीजों को प्रचारित प्रसारित करती है। छत्तीसगढ़ में भी धर्मांतरण की जो बातें उसके पीछे भाजपा है, नहीं तो श्वेतपत्र जारी करके बतायें कि रमन सरकार के 15 साल के कार्यकाल में कितने चर्च बने थे और कांग्रेस सरकार के पांच साल में कितने चर्च बने? छत्तीसगढ़ में 90 फीसदी चर्च भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में बने हैं। 2004 के पहले जितने चर्च थे, उससे 100 गुना ज्यादा चर्च 2004-2018 तक बने हैं। 2018 के बाद एक भी चर्च का निर्माण नहीं हुआ है।

## केदार बोले- धर्मांतरण का दंड पाकर भी कांग्रेस के दिल में ठंडक नहीं



*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग पर करारा जवाब देते हुए कहा, धर्मांतरण का दंड पाकर भी कांग्रेस के दिल में ठंडक नहीं पहुंची। भूपेश बघेल के राज में हुए पाप का हिसाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उनसे ही मांगें। श्री गुप्ता ने कहा, श्री बैज तब कहां थे जब छत्तीसगढ़ में बस्तर अंचल में आदिवासियों पर धर्मांतरण को लेकर भूपेश बघेल सरकार का दमन चक्र चल रहा था और जब सरगुजा में आदिवासियों को जन्माष्टमी मनाने से रोका जा रहा था। जब कांग्रेस की तत्कालीन भूपेश बघेल सरकार पूरे प्रदेश में धर्मांतरण के पक्ष में तांडव करते हुए रासुका लगा रही थी। पुलिस के आला अधिकारी आगाह कर रहे थे कि धर्मांतरण से बचा जाए, लेकिन कांग्रेस और उसकी सरकार धर्मांतरण को संरक्षण देने और आदिवासियों का उत्पीड़न करने का काम कर रही थी। तब श्री बैज कहां थे।*

# शालिनी बोलीं- कांग्रेस की नारी सम्मान की फिक्र करना एक नया पाखंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के बयान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, छत्तीसगढ़ में अपने शासनकाल में कदम-कदम पर महिलाओं के साथ विश्वासघात, छलावा, उपेक्षा, अपमान, बलात्कार और हिंसा की अंधी गली में धकेलने वाली कांग्रेस का अब अचानक नारी सम्मान की फिक्र करना एक नया पाखंड है। छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरा देश कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र को भली-भांति समझ चुका है। श्रीमती राजपूत ने कहा कि अलका लांबा का यह कहना कि लोकसभा और राज्य में होने वाले चुनाव नारी के सम्मान में लड़े जाएंगे, केवल जुमलेबाजी है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी उत्तरप्रदेश का चुनाव लड़की हूं, लड़ सकती हूं, नारे के साथ लड़ी, लेकिन उनका यह जज्बात तब कहां चला जाता है, जब उनकी ही पार्टी की सदस्य अर्चना गौतम को प्रियंका गांधी के पीए संदीप बेइज्जत करते हैं। अलका लांबा में अगर हिम्मत है तो अर्चना गौतम, जो पिछले सालभर से अपने सम्मान की लड़ाई लड़ रही हैं, को पहले न्याय दिलाएं। श्रीमती राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने देखा है कि कैसे पिछले 5 वर्ष में कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपनी धन पिपासा के लिए महिलाओं की सम्मान की जगह अवैध शराब को अपनी आय का जरिया बनाया। कांग्रेस शासनकाल में रक्षाबंधन के दिन बहन से सामूहिक बलात्कार हो जाता है, शिक्षक दिवस के दिन शिक्षिका से सामूहिक बलात्कार हो जाता है और तब महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष न तो छत्तीसगढ़ का दौरा करती हैं, न ही छत्तीसगढ़ के बारे में कुछ बोलती हैं। और तो और, प्रियंका गांधी तक कुछ नहीं बोलतीं। आज फिर विपक्ष में होने के कारण कांग्रेस के लोग मौसमी मेंढक के समान टर्राने लगे हैं।

# अब तक किसी भी लोकसभा में नहीं खुला कार्यालय, डेडलाइन को बचे दो दिन

## दिल्ली में क्लस्टर प्रभारियों की बैठक में तय हुई थी तिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा लगातार तैयारी में लगी है। इस माह दिल्ली में क्लस्टर प्रभारियों की बैठक में तय किया गया था कि 31 जनवरी तक छत्तीसगढ़ की भी 11 लोकसभाओं में कार्यालय खोल दिए जाएंगे। अब तक किसी भी लोकसभा में कार्यालय नहीं खुल पाया है। अब डेडलाइन में महज दो दिन ही बचे हैं। कार्यालय के लिए स्थान की तलाश की जा रही है। एक साथ सभी लोकसभाओं में कार्यालय खोलने की तैयारी चल रही है। भाजपा ने इस बार लोकसभा चुनाव को भी अलग अंदाज में लड़ने का फैसला किया है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में इस तरह की रणनीति अपनाई जा चुकी है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में आचार संहिता लगने से पहले ही कई प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया था।

### जल्द कार्यालय खोलने की है तैयारी




छत्तीसगढ़ में अब तक किसी भी लोकसभा में कार्यालय नहीं खोला गया है, लेकिन क्लस्टर के बाद लोकसभाओं के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक बनाए गए हैं। इनको अपनी-अपनी लोकसभा में कार्यालय खोलने के काम में लगाया गया है। अब लोकसभा के मुख्यालय में कार्यालय खोलने के लिए स्थानों की तलाश की जा रही है। भाजपा के जानकारों का कहना है कि पहले 31 जनवरी को इसलिए कार्यालय खोलना तय किया गया था, क्योंकि पहले चरण में डेढ़ सौ से ज्यादा सीटों पर 30 जनवरी को प्रत्याशियों का ऐलान करने की तैयारी थी, लेकिन बिहार में राजनीतिक उठा पटक के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी के पहले सप्ताह तक प्रत्याशियों का एक ऐलान होगा और इसके पहले लोकसभाओं में कार्यालय भी खोल दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में हालांकि सभी सीटों के प्रत्याशी घोषित नहीं होंगे, लेकिन कार्यालय सभी लोकसभाओं में जरूर जल्द खुल जाएंगे।

## विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री ने परीक्षा की तैयारी का दिया मूलमंत्र

**रायपुर।** तिलक नगर गुढ़ियारी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा 2024 का सीधा प्रसारण किया गया। चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनावमुक्त होकर सहज भाव से तैयारी का मूलमंत्र दिया। साथ ही उन्होंने परीक्षा के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारियों को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें बच्चों के व्यवहार और शारीरिक हाव-भाव देखकर उनके भीतर परीक्षा संबंधी तनाव के संकेत को समझना चाहिए तथा बच्चों को मित्रवत होकर उस तनाव से निकलने में मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक पालक समिति के अध्यक्ष सुनील ठाकुर और अन्य सदस्य, प्रभारी प्राचार्या सुजाता भट्टाचार्य, समस्त शिक्षक, पालक और समस्त विद्यार्थी शामिल हुए।



### कवि सम्मेलन 9 को

**अंडा।** दिल्लीवार कूर्मि समाज के कवियों का कवि सम्मेलन 9 फरवरी को संध्या 6 बजे से ग्राम कोटगांव सर्किल कोड़ेवा में होगा। 10 फरवरी को रात्रि 8 बजे से ग्राम कोटगांव सर्किल कोड़ेवा के दिल्लीवार समाज के वार्षिक अधिवेशन होगा। दिल्लीवार केन्द्रीय युवा कूर्मि क्षत्रिय समाज व सर्किल कोड़ेवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है।

# डंपर की ठोकर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

डम्पर चालक की लापरवाही के चलते स्कूटी सवार महिला चपेट में आ गई। घटना में एक महिला की मौत हो गई। वहीं अन्य महिला को मामूली चोट आई है।

जामुल पुलिस ने बताया कि तिरंगा छावनी चौक के पास डम्पर चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार दो महिलाओं को जोरदार ठोकर मार दी। वाहन में वंदना देवांगन और आराधना साहनी सवार थे। डम्पर की ठोकर से वंदना सड़क पर गिरी जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वंदना मूलतः शक्ति की रहने वाली है। जो हाउसिंग बोर्ड में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती थी।

■ घटना तिरंगा चौक छावनी का

आराधना साहनी तिरंगा चौक छावनी में निवास करती है। जिसे मामूली चोट आई है। स्कूटी को आराधना ही चला रही थी। वंदना जब भिलाई आई तो वो आरधना के साथ ही हाउसिंग बोर्ड में रहती थी। इस बीच आराधना ने शादी कर लिया तो वह पति के साथ लेकर तिरंगा चौक में रहने लगी। इसके बाद जब भी मौका मिलता वंदना और आरधना एक दूसरे से मिलने चली जाती थीं। मामले में जामुल टीआई केशव राम कोसले ने बताया कि घटना हुआ है एक महिला की मौत हो गई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।




### सोशल मीडिया से हुई थी दोस्ती

आराधना और वंदना की दोस्ती सोशल मीडिया के शेयर चैट से दोस्ती हुई थी। वंदना जब सक्ती में रहती थी। तब से लंबी बातचीत हुआ करती थी। फिर अराधना ने वंदना को भिलाई में रहने के लिए बुला लिया। वंदना अपने पति रोशन देवांगन और तीन बच्चों के साथ रहने लगी। आराधना के मुताबिक मृतका वंदना देवांगन उसकी सहेली है। सोमवार की सुबह वंदना उससे मिलने उसके घर आई थी। दोनों एक घंटे तक बैठे और बातें करते रहे थे। वंदना ने कहा कि वो उसे छावनी चौक तक छोड़ दे वो घर जाएगी। फिर आराधना ने अपनी स्कूटी से वंदना को छावनी चौक छोड़ने गई थी। दोपहर 12 बजे जैसे ही छावनी चौक के पहुंचे पीछे एक तेज रफ्तार डंपर आया और स्कूटी को चपेट में लिया और मौके से फरार हो गया। घटना में वंदना और अराधना अलग-अलग साइड पर गिर पड़े।

## अब तक 30 पंजीयन कार्यालयों में लागू हो चुकी है यह व्यवस्था

# प्रदेश के सभी 102 पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस सिस्टम फरवरी तक होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ से सभी 102 पंजीयन कार्यालयों में अगले महीने फरवरी तक ई-पंजीयन साफ्टवेयर के स्थान पर राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) चरणबद्ध रूप से लागू हो जाएगा। बताया गया है कि यह सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया पर तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक राज्य के 30 पंजीयन कार्यालयों में ये व्यवस्था लागू हो गई है। इसी बीच एनआईसी पुणे के विशेषज्ञों ने रायपुर आकर इस नए सॉफ्टवेयर के संचालन, उससे जुड़ी समस्याओं का समाधान किया।

**तीन कार्यालयों से शुरू हुआ था पायलेट प्रोजेक्ट :** छत्तीसगढ़ में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एनजीडीआरएस साफ्टवेयर को तीन पंजीयन कार्यालयों अभनपुर, महासमुन्द एवं धमतरी में प्रारंभ किया गया था। ई-पंजीयन प्रणाली की बीओटी अवधि समाप्ति उपरान्त अब सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस साफ्टवेयर लागू करने का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन विभाग द्वारा सभी प्राथमिक तैयारी की जा रही है, जिसमें हार्डवेयर उपकरणों, नेटवर्क लाईन की व्यवस्था के साथ-साथ विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



**हजारों पंजीयन हो चुके, अब आएगी तेजी**

बताया गया है कि एनजीडीआरएस प्रणाली के पायलट रन के दौरान तीन पंजीयन कार्यालयों में अब तक हजारों दस्तावेजों का पंजीयन किया जा चुका है। द्वितीय चरण में धमतरी एवं महासमुन्द जिले के पंजीयन कार्यालयों सराईपाली, बसना, पिथौरा, कुरूद एवं नगरी में 11 जनवरी से लागू होचुका है। किया गया है। शीघ्र ही एनजीडीआरएस प्रणाली को राज्य के सर्वाधिक व्यस्तता वाले पंजीयन कार्यालय में लागू किया जाना है, जिसके सफल संचालन उपरान्त, आवश्यक हार्डवेयर सह-उपकरण स्थापन कर शेष सभी पंजीयन कार्यालयों में एनजीडीआरएस प्रणाली लागू की जाएगी।

**पुणे एनआईसी ने विकसित किया है सॉफ्टवेयरः** भारत सरकार द्वारा पंजीयन प्रणाली को और अधिक कारगर एवं सुविधाजनक बनाये जाने हेतु एन.आई.सी. पुणे के माध्यम से एक कॉमन जेनरिक सॉफ्टवेयर (एनजीडीआरएस) विकसित किया गया है। राज्यों के आवश्यकता के अनुरूप इस सॉफ्टवेयर को कस्टमाईज कर एनआईसी के माध्यम से लागू किया जाता है। इस प्रणाली को लागू करने के लिए एनआईसी द्वारा केवल साफ्टवेयर उपलब्ध कराया जाता है, शेष सभी संशाधनों तथा परिचालन का कार्य संबंधित विभाग के द्वारा किया जाता है। इस परियोजना में अब तक देश के 11 राज्यों में एनजीडीआरएस प्रणाली से पंजीयन कार्य किया जा रहा है।

**कंप्यूटरीकृत पंजीयन प्रणाली की विशेषता :** इस सिस्टम में पक्षकार को ऑनलाइन डाटा की प्रविष्टि कर अपॉईन्टमेंट लेना होता है। कार्यालय में किसी प्रकार की डाटा एन्ट्री नहीं होती है। उप पंजीयक द्वारा पंजीयन की सभी प्रक्रिया ऑनलाइन की जाती है। ऑनलाइन संपत्ति के बाजार मूल्य की सटीक गणना के साथ नियम आधारित मूल्यांकन होने से एनजीडीआरएस प्रणाली पारदर्शी है। पक्षकार द्वारा ऑनलाइन सभी जानकारी स्वतः प्रविष्टि किये जाने से, त्रुटि की संभावना कम एवं दस्तावेज की पर्याप्त जांच संभव है। डिजिटल फोटो एवं हस्ताक्षर लिये जाने का प्रावधान होने से पंजीयन प्रणाली सुरक्षित एवं भरोसेमंद है। राजस्व विभाग से इंटीग्रेशन के फलस्वरूप विक्रयशुदा खसरे तथा मालिकाना हक की जांच करना आसान हो जाएगा।

**फरवरी में सभी 102 कार्यालयों में होगी लागू**

पंजीयन विभाग की विशेष सचिव किरण कौशल ने बताया कि अब तक 30 पंजीयन कार्यालयों में यह व्यवस्था लागू हो चुकी है।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 134 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का ग्राफ प्रतिदिन ऊपर चढ़ता जा रहा है। बीते साल राज्य में हुई 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का रिकार्ड इस साल पहले ही टूट चुका है। राज्य में अब तक 133.88 लाख टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो कि बीते साल की तुलना में लगभग 27 लाख मीट्रिक टन अधिक है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभी दो दिन और बाकी है। प्रतिदिन औसतन साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो रही है। इसको देखते हुए इस साल धान खरीदी की मात्रा 140 लाख मीट्रिक टन के पार होने की उम्मीद है।

अलग खबर

## 31 जनवरी तक होगी धान खरीदी

**खास बातें**

- बीते साल राज्य में हुई 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का रिकार्ड टूट चुका
- धान खरीदी की मात्रा 140 लाख मीट्रिक टन के पार होने की उम्मीद



मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 23 लाख 68 हजार 810 किसान धान बेच चुके हैं। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान बेचने के राज्य में 26 लाख 85 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग भी समांतर रूप से जारी है।

मिलर्स द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव लगातार किया जा रहा है। अब तक 101 लाख 85 हजार 181 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 91 लाख 13 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### यातायात नियमों के साथ सीख रहें स्वस्थ रहने के तरीके

**रायपुर।** राज्य के जिलों में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 (15 जनवरी से 14 फरवरी) के दौरान विभिन्न जनजागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोगों को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के साथ स्वस्थ रहने के तरीके सिखाए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में 24 एवं 25 जनवरी को पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में 26 जनवरी की शाम मरीन ड्राईव तेलीबांधा तालाब में, 27 जनवरी को श्रीराम मंदिर के समीप वीआईपी रोड एवं 28 जनवरी को अनुपम गार्डन रायपुर में सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया गया। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय को सड़क यात्रा के दौरान सड़क सुरक्षा के यातायात के नियमों पर ध्यान केंद्रित करते हुए वाहन चालन के संकल्प के लिए प्रेरित किया।

### प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान ट्रेनिंग सेंटर होगा शुरू

**रायपुर।** वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा संस्थापक स्व. संतोष अग्रवाल की जयंती के अवसर पर आयोजित स्मरण संतोष कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ उपस्थित समाज के बंधुओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। स्व. संतोष अग्रवाल द्वारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मदद पहुंचाने किए गए कार्यों को संस्था द्वारा आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। वैश्य वर्ल्ड फाउंडेशन छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए जनसेवी कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर मदन तालेड़ा, सुरेश अग्रवाल, कैलाश रारा, अशोक वैश्य, ऋषि गुप्ता, अशोक गोयल, नितेश अग्रवाल, संगीता जैन, पूजा अग्रवाल आदि ने स्व. संतोष अग्रवाल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

### दिव्यांगजनों के लिए रोजगार मेला आज

**रायपुर।** दिव्यांगों के लिए राजधानी रायपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला राजभवन के पास स्थित विशेष रोजगार कार्यालय में 31 जनवरी को लगाया जाएगा। इस मेले में निजी उद्योगों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा विभिन्न पदों पर दिव्यांगों को भर्ती के लिए चयनित किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होगा। इस मेले में चयनित होने वाले दिव्यांग आवेदकों को रायगढ़ एवं रायपुर के विभिन्न निजी उद्योगों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उपसंचालक डॉ. शशिकला अतुलकर ने बताया कि मेले में शामिल होने वाले दिव्यांग आवेदकों को जिला रोजगार कार्यालय पंजीयन कार्ड, जिला चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, शिक्षा एवं आयु से संबंधित प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण-पत्र, (यदि आरक्षित श्रेणी से है) तथा पासपोर्ट आकार के 2 फोटो लाना अनिवार्य है।

# सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, 12 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण वार्ड पार्षद मृत्युंजय दुबे ने जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी के साथ मिलकर किया।

- ठेकेदार पर 10 हजार रुपए अर्थदंड
- पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड का मामला

इस दौरान 45 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर 33 सफाई कर्मचारी स्थल पर उपस्थित रहे, जबकि 12 सफाई कामगार अनुपस्थित मिले। जोन कमिश्नर ने इस पर संज्ञान लेते हुए ठेकेदार महेश सोनी पर 10 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। नगर निगम जोन 5 स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड की सफाई कार्य के औचक निरीक्षण में 12 सफाई कर्मचारी काम से नदारद मिले। 45 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर 33 सफाई कर्मचारी उपस्थित रहने पर वार्ड पार्षद की मौजूदगी में जोन 5 कमिश्नर ने अनुबंधित सफाई ठेकेदार को नोटिस जारी कर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है और सफाई कार्य में कोताही के लिए फटकार भी लगाई।

## आईटीआई में दस्तावेज सत्यापन 1 फरवरी को

**रायपुर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर तृतीय चरण के दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को 1 फरवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर विधानसभा रोड सड्डू रायपुर में बुलाया गया है। अभ्यर्थियों को एसएमएस पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरुद्ध 3 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। दस्तावेज सत्यापन उपरांत संबंधित अभ्यर्थी आगामी दिवस को दोपहर 1 बजे तक उसी स्थल पर पंजीयन प्रभारी के पास अपनी दावा-आपत्ति भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नवभारत फ्यूज कंपनी ने 7 साल का बकाया टैक्स किया भुगतान

# बड़े बकायादारों पर निगम ने कसा शिकंजा, 5 संस्थाओं को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम का राजस्व महकमा बड़े बकायादारों से बकाया कर भुगतान को लेकर एक्शन मोड में है। सोमवार को संजयनगर बकरा मार्केट के बड़े बकायादार चाकलेट फैक्ट्री पर बकाया राजस्व वसूली की कार्रवाई करते हुए 3 दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की। वहीं नवभारत फ्यूज कंपनी ने कार्रवाई के दौरान 7 साल की बकाया कर राशि 10 लाख 62 हजार एकमुस्त स्थल पर भुगतान कर कार्रवाई से अपने को सुरक्षित रखा।

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने 10 जोन के कमिश्नरों, राजस्व अधिकारियों को बड़े बकायादारों से राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही संबंधित संस्थानों में बकाया न देने की स्थिति में सीलबंदी व कुर्की की कार्रवाई करने निर्देशित किया है।

इसी कड़ी में जोन 6 राजस्व विभाग की टीम ने संजय नगर बकरा मार्केट क्षेत्र में बड़े बकायेदार चॉकलेट फैक्ट्री पर बकाया राजस्व वसूलने कार्रवाई करते हुए 3 दुकानों में सीलबंद करने कार्रवाई की। संबंधित संस्था पर वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक का 1,19,464 रुपए, बकाया है। जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड में वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक 17 लाख से ज्यादा राशि के बड़े बकायेदार फर्म मेसर्स यूनिवर्सल इक्यूमेंट एण्ड केमिकल सर्विस प्रोपराइटर अनिता सबलानी के संस्थान में सीलबंदी की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम जोन 8 राजस्व विभाग को 2,37,930 रुपए के राजस्व की तत्काल अदायगी की गई।

### बकरा मार्केट की चाकलेट फैक्ट्री की 3 दुकानों को किया सील





### फर्म क्लब हाउस को किया सीलबंद

नगर निगम जोन 9 राजस्व विभाग की टीम ने पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित फर्म क्लब हाउस को 13 लाख से अधिक के बकाया कर राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर सीलबंद करने कार्रवाई की। जोन 10 अमले ने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित नवभारत फ्यूज कंपनी लिमिटेड द्वारा 2017-18 से 2023-24 तक के बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर राजस्व वसूलने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान संबंधित संस्था की ओर से 7 वर्षों की सम्पूर्ण बकाया राषि 10 लाख 62 हजार रुपए का भुगतान तत्काल स्थल पर ही राजस्व विभाग की टीम को किया गया।

# चाकू से हमला चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

युवक पर चाकू से प्राण घातक हमला करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि गौतम नगर निवासी भरत गिरी गोस्वामी के घर के पास बने चबुतरा में बैठकर आरोपी युवक आपस में गाली गलौज कर रहे थे। जिसे देख भरत विरोध करने पर राजीव नगर सुपेला भोला उर्फ हरिकेश चौहान, अंकेश चौहान, सचिन सोनकर उर्फ चिन्ना, संजीव चैहान ने पहले जान से मारने की धमकी देकर भारत के पेट में चाकू से वार कर फरार हो गए। घटना के समय पीड़ित के बहन का बर्थ डे पार्टी चल रहा था। तभी आरोपियों ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। इसमें कई लोग घायल हो गए है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जुटी रही। आरोपियों के पास से चाकू भी जप्त किया है। सूचना पर पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा की टीम का अहम योगदान रहा है।

## मकान से जेवरात और बाइक चोरी

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और बाइक पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने_ज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वसुंधरा नगर निवासी विकास खुबवानी सिंध बूट हाउस का संचालक है। सत्संग में शामिल होने परिवार नागपुर गया था। दूसरे दिन सुबह पड़ोसी ने कॉल कर बड़े भाई को बताया कि उसके घर में चोरी हो गया है। जानकारी मिलने पर नागपुर से परिवार वापस घर पहुंचा। मकान से अज्ञात ने दो अलमारी से जेवरात व नकदी पार कर दिया। गायब थी। इसके अलावा बाइक सीजी 07 एडी 7769 भी मकान से गायब मिली।

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पदाधिकारियों को 5-5 बूथ की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने जोर शोर से तैयारी शुरू कर दी है। पीसीसी ने हमारा बूथ करेंगे मजबूत अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के तहत प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश पदाधिकारियों, निगम-आयोग बोर्ड के पदाधिकारियों, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवा दल और एनएसयूआई सहित कांग्रेस पदाधिकारियों को 5-5 बूथों की जिम्मेदारी दिया जाना है। पीसीसी ने कहा, तीन दिन के भीतर अपने-अपने प्रभार बूथों में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करें।

- 15 दिन में बूथ स्तरीय बैठक पूरा करने के निर्देश

बताया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के संदर्भ में बूथ कमेटी में पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए। बूथ कमेटी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए। वहीं राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर बूथ कमेटी में चर्चा करें। वहीं राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर लोगों के बीच जाएं। वहां पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किए गए कार्य की तुलना करें। राज्य सरकार द्वारा चुनाव में किए गए वादे को पूरा नहीं किए जाने पर लोगों को बताएं। साथ ही चुनाव को लेकर लोगों के बीच स्थानीय मुद्दों को लेकर चर्चा करें।

# प्रेमी के पिता ने की मारपीट, दुखी युवती ने पी लिया फिनाइल

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवती ने अपने प्रेमी के पिता के खिलाफ मारपीट तथा गाली-गलौज करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक टिकरापारा निवासी 25 वर्षीय युवती ने अपने प्रेमी सिद्धार्थ शर्मा के पिता बाबूलाल शर्मा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मारपीट की घटना से आहत युवती ने फिनाइल पीकर सुसाइड की कोशिश की। एक निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। युवती ने पुलिस को बताया कि सिद्धार्थ के साथ वह वर्ष 2022 से रिलेशनशिप में है। रिलेशनशिप के चलते वह सिद्धार्थ के पिता के पास शादी करने का प्रस्ताव लेकर गई। इस बात से नाराज होकर बाबूलाल ने उसके साथ मारपीट कर गाली-गलौज की। युवती ने घटना से आहत होकर खुदकुशी की कोशिश करने की जानकारी पुलिस को दी है।

***ये है पूरा मामला :*** फिनाइल पीने के बाद गंभीर हालत में अस्पताल में उपचार करा रही युवती ने पुलिस को बताया कि सिद्धार्थ से वह वर्ष 2018 में पचपेड़ीनाका स्थित नवजीवन सोसायटी में संपर्क में आई। इसके बाद दोनों आपसी सहमति से वर्ष 2022 से रिलेशनशिप में रहने लगे। सिद्धार्थ ने युवती को शादी करने की बात कहकर संबंध बनाए। शादी के लिए कहने पर वह युवती को गोलमोल जवाब देकर टाल देता था। इसके बाद युवती पूरे घटनाक्रम की जानकारी देने सिद्धार्थ के पिता के पास पहुंची। इससे नाराज होकर सिद्धार्थ के पिता ने युवती की बेइज्जती की तथा मारपीट भी की।

# ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराज हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में तेज कार चलाने के विवाद में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने सोमवार को थाने का घेराव करते हुए जमकर प्रदर्शन किया और हनुमान चालीसा का पाठ किया। हिंदू संगठन से जुड़े नेताओं ने पुलिस पर मामले में लीपापोती करने का आरोप लगाया है। साथ ही बदमाशों के खिलाफ 48 घंटे के भीतर कार्रवाई करने की मांग की है। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर रायपुर बंद करने की चेतावनी दी है।

- कार चलाने के विवाद में उत्पात, मारपीट

गौरतलब है कि खम्हारडीह थाना क्षेत्र में 26 जनवरी को कार तेज चलाने के विवाद में बदमाशों ने विरासत सोसायटी पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर बदमाशों ने संतोष के साथ मारपीट की तथा उनका सिर फोड़ दिया। संतोष की शिकायत पर पुलिस ने पांच बदमाशों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए शेख इमरान, फहीम खान और मोहम्मद शकील अहमद को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना का जिम्मेदार अतीब और उसका भाई फरार है। अतीब तथा उसके भाई ने भी संतोष जैन तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### प्रदर्शन के चलते चक्काजाम की स्थिति

हिंदू संगठन के विरोध-प्रदर्शन के चलते खम्हारडीह चौक पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद मौके पर एएसपी सिटी लखन पटले तथा अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बात कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी वापस लौटे।

### ...नहीं तो रायपुर बंद

संतोष जैन के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर 48 घंटे के बाद रायपुर बंद का आव्हान किया जाएगा।

*- **घनश्याम चौधरी**, प्रांत सहमंत्री, विहिप*

## कर्मियों के लंबित मुद्दों के निदान की मांग को लेकर संयुक्त यूनियन का प्रदर्शन

# सेल स्तर पर हुए घोटाले की जांच और संलिप्तों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल में हुए घोटाले की जांच की मांग और कर्मचारियों के लंबित मुद्दों को लेकर सोमवार को संयुक्त यूनियन द्वारा मेन गेट के इक्विपमेंट चौक पर प्रदर्शन किया गया। गेट मीटिंग में यूनियन नेताओं ने कर्मियों के लंबित मुद्दों के तत्काल निदान और सेल में हुए घोटाले में संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। साथ ही लंबित वेतन समझौता के जल्द पूर्ण नहीं होने पर दो दिनी औद्योगिक हड़ताल की चेतावनी दी। सुबह सेक्टर एक चौक पर संयुक्त यूनियन के बैनर तले गेट मीटिंग में सेल प्रबंधन के रवैय्ये पर आक्रोश जताया गया। यूनियन नेताओं ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को सेल स्तर पर हुए घोटाले को उजागर करते हुए केंद्र सरकार के स्तर पर कुछ डायरेक्टर और सेल के उच्च स्तरीय अधिकारियों का सस्पेंड होना न केवल निंदनीय है बल्कि औद्योगिक जगत में सेल को शर्मसार करने वाली घटना है। इसके लिए दोषी अधिकारियों पर जांच पक्ष कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 20 जनवरी को हुई एनजेसीएस बैठक में यूनियनों ने लंबित मुद्दों का निराकरण कर वेतन समझौते को अंतिम रूप देने, सभी कर्मियों के लिए एक अतिरिक्त इन्क्रीमेंट देने, पिछले वर्ष से अधिक बोनस तय करने हेतु बोनस फार्मूले पर पुनः चर्चा करने, ठेका कर्मियों के लिए वेतन वृद्धि एवं आरआईएनएल कर्मियों के लिए भी वेतन समझौता लागू करने आदि मांगों को प्रबंधन के सामने रखा किंतु प्रबंधन कोई स्पष्ट रुख व्यक्त ना कर 29 जनवरी को हड़ताल के दिन बैठक बुलाने की बात कही ।

- घोटाले से कम होता पे रिवीजन लागू होने पर खर्च



## गांधी सदन में स्वयंसेवी संस्थाओं की निगम आयुक्त ने ली बैठक

# पीड़ितों की सेवा में रहने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं की होगी हौसला अफजाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को गांधी सदन में स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों से विचार-विमर्श कर शहर विकास में उनके सुझाव लिए। श्री मिश्रा ने कहा है कि सक्रिय संगठनों की मैपिंग जोनवार की जाएगी, स्वच्छता गतिविधियों के साथ ही विकास कार्यक्रमों में इनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। घायल, पीड़ितों की सेवा में अग्रणी रहने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं की नगर निगम हौसला अफजाई करेगा।

- शहर विकास के लिए मांगे सुझाव

शहर विकास के कार्यो में स्वयंसेवी संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। स्वच्छता, पर्यावरण शिक्षा और स्वास्थ्य के कार्यक्रमों में सहभागी बननके वाले स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ निगम आयुक्त ने बैठक ली। बैठक के दौरान शहर के आवासीय परिसरों की त्रैमासिक स्वच्छता रैंकिंग रायपुर में किए जाने की जानकारी देते हुए बताया कि 6 फरवरी तक नामांकन होंगे। 7 से 14 फरवरी तक प्रशासन का अंकेक्षण दल उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने नामांकित कॉलोनियों की जांच करेगा। इस आधार पर 15 फरवरी को क्लीन-ग्रीन अवार्ड व कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाएगी।




### नामांकित हो हर कॉलोनी

निगम आयुक्त ने स्वयंसेवी संगठनों से कहा है कि हर कॉलोनी नामांकित हो, इसके लिए वे अपने स्तर पर भी इन कॉलोनियों को जागरूक कर स्वच्छता के महा-अभियान को अपना साथ दें। बैठक में प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी विमल कुमार पाठक, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, रायपुर स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक, जनसंपर्क आशीष मिश्रा, सहायक अभियंता योगेश कडू, एनयूएलएम की सिटी मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप



### साइंस कॉलेज के पुराने छात्रों की सीएम से मुलाकात

**रायपुर।** साइंस कॉलेज के पुराने छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मुलाकात की। साथ ही सीएम को साइंस कॉलेज के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हीरक जयंती वर्ष कार्यक्रम की जानकारी दी। यह मुलाकात साइंस कॉलेज के एलुमनी संगठन के प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अंजय शुक्ला के नेतृत्व में की गई। श्री शुक्ला ने बताया कि हीरक जयंती कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति को महाविद्यालय में आमंत्रित किए जाने के लिए, संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने का निवेदन भी किया गया। मुलाकात के दौरान संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश मढ़रिया, प्रो. गिरीशकांत पांडेय एवं प्रभारी अधिकारी डॉ. एनबी सिंह उपस्थित रहे।

### महर्षि जैमिनी अवार्ड से डॉ. महेंद्र को किया सम्मानित



**रायपुर।** एशियन एस्ट्रोलॉजर कॉन्फ्रेंस का तीन दिवसीय आयोजन 19 से 21 जनवरी तक जमशेदपुर में किया गया। इस कांफ्रेंस में वास्तु, अंक ज्योतिष, हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनेक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के फाउंडर एसके शास्त्री प्रोफेसर, झारखंड के मंत्री आलोक रंजन के साथ ही रायपुर के ज्योतिष डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर द्वारा किया गया। समारोह के अंतिम दिन डॉ. ठाकुर को महर्षि जैमिनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह जानकारी ओंकार यादव ने देते हुए बताया कि डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर माता कौशल्या ज्योतिष साहित्य संस्कृति शोधपीठ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष भी हैं। डॉ. ठाकुर का सम्मान आद्या ज्योतिष संस्थान नई दिल्ली तथा पूर्वांचल ज्योतिष के डॉ. नरेंद्र कुमार द्वारा भी किया गया। नेपाल से आए लक्ष्मण पंथी ने भी अपनी संस्था के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया।

### सिराज फिर बने ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई, जिसमें शिरकत करने सभी जिलों से सदस्य शामिल हुए। फाउंडेशन की बैठक हर 3 साल में नई कार्यकारिणी गठित करने के बाद आयोजित की जाती है। इस बार फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया है, जिसमें फाउंडेशन के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मो. सिराज को सर्वसम्मति से पुनः प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी प्रकार फाउंडेशन की जरिया ए रिश्ता विंग का भी पुनर्गठन किया गया है। और इरफान गुड्डू को राष्ट्रीय संरक्षक, हाजी इरफान सुलतान को प्रदेश संरक्षक तथा हाजी कलीम को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है।

### जुआरियों से 45 हजार बरामद

**भिलाई।** जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने छग जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। क्राइम एएसपी डॉ अनुराग झा ने बताया कि **एसीसीयू और नंदिनी पुलिस टीम ने ग्राम अरसनारा तालाब के पास दबिश दिया। जहां पर गणेश बेकारी के पास न्यू खुर्सीपार निवासी दीपक मंडल, करंजा भिलाई चौकी जेवरा सिरसा भूपेन्द्र साहू, कोहका कुरूद ताजू शेख, जोन 3 खुर्सीपार बृजेश अवस्थी, कैलाश नगर जामुल रामा बघेल को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने 45 हजार 850 रुपए और ताश पत्ती, मोबाइल भी बरामद किया।

# लाइन लॉस, बिजली चोरी पर लगाम लगाने की कवायद, खर्च होंगे 28 सौ करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

अपने प्रदेश में लाइन लॉस पूरी तरह से बेलगाम है। राज्य के कई जिलों में 50 फीसदी से ज्यादा लाइन लॉस होता है। चाहकर भी इसको रोकने में कामयाबी नहीं मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को हर साल लाइन लॉस और बिजली चोरी से करीब दो हजार करोड़ का झटका लगता है।

यह झटका बिजली चोरी से ज्यादा लगता है। लाइन लॉस को कम करने और बिजली चोरी को रोकने की कवायद में पॉवर कंपनी ने 29 सौ करोड़ की योजना बनाई, जिसे केंद्र सरकार से भी मंजूरी मिल गई है। सभी जिलों का टेंडर फाइनल होने के बाद कंपनी को सौ करोड़ बच भी रहे हैं। 2903 करोड़ का टेंडर 28 सौ करोड़ में फाइनल हुआ है। सभी जिलों में काम भी प्रारंभ हो गया है। सबसे ज्यादा कवर्धा जिले में करीब 400 करोड़ खर्च होंगे। रायपुर के लिए 213 करोड़ की योजना है। देशभर में लाइन लॉस कम करने की कवायद में केंद्र सरकार जुटी है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की 2903 करोड़ की योजना को पिछले साल ही मंजूरी मिली है। इस योजना में केंद्र सरकार से 60 फीसदी पैसे मिलेंगे। 40 फीसदी खर्च पॉवर कंपनी करेगी। योजना में लाइन लॉस कम करने के लिए जहां बिजली की लाइनों को छोटा करने का काम हो रहा है, वहीं ट्रांसफार्मरों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। इसी के साथ खुले तारों के स्थान पर केबल लगाने का काम भी हो रहा है, ताकि तारों में होने वाली हुकिंग को रोका जा सके। हुकिंग करके ही प्रदेश के कई जिलों में बिजली चोरी की जाती है।

**हर जिले में चल रहा है काम, कवर्धा में खर्च होंगे सबसे ज्यादा चार सौ करोड़**

#### कवर्धा में खर्च होंगे चार सौ करोड़

योजना को पॉवर कंपनी ने 31 जिलों में वहां की जरूरत के हिसाब से बांटकर खर्च तय किया है। इसमें सबसे ज्यादा कवर्धा जिले के लिए 397.03 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। कवर्धा में बिजली चोरी के कारण लाइन लॉस ज्यादा होता है। जानकारों की मानें, तो यहां पर आधी बिजली चोरी हो जाती है। कवर्धा के बाद सरगुजा में 255.39 करोड़ खर्च होंगे। यहां भी करीब 50 फीसदी बिजली चोरी होती है। सूरजपुर में 194.39 करोड़, बलरामपुर में 132.94 करोड़, कोरबा में 111.30 करोड़, राजनांदगांव में 182.74 करोड़ और रायपुर में 213.33 करोड़ खर्च करके लाइनों का विस्तार करके ट्रांसफार्मर भी लगाए जाएंगे।



#### नारायणपुर में होगा सबसे कम खर्च

जिन जिलों में ज्यादा लाइन लॉस नहीं है, वहां सौ करोड़ से भी कम खर्च होंगे। ऐसे जिलों में सबसे कम 2.64 करोड़ नारायणपुर में खर्च होंगे। इसी तरह से 3.31 करोड़ बीजापुर, 11.19 करोड़ बालोद, 24.02 करोड़ गौरेला पेंड्रा, 39.78 करोड़ बस्तर, 71.00 करोड़ खैरागढ़, 58.63 करोड़ दुर्ग, 41.15 करोड़ बेमेतरा, 81.11 करोड़ गरियाबंद, 92.16 करोड़ बलौदाबाजार, 36.13 करोड़ जशपुर, 54.48 करोड़ कोरिया, 58.43 करोड़ जांजगीर चांपा, 56.64 करोड़ शक्ति, 33.44 करोड़ मुंगेली और 94.49 करोड़ सारंगढ़-बिलाईगढ़ में खर्च किए जाएंगे।

### बारकोड स्कैन करने पर एरर बता रहा सर्वर

# मोबाइल नंबर लिंक नहीं, राशनकार्ड नवीनीकरण में दिक्कत, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राशनकार्ड नवीनीकरण करने में हितग्राहियों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां सर्वर प्रॉब्लम के कारण खाद्य विभाग की वेबसाइट से एप डाउनलोड नहीं हो पा रहा है, वहीं दूसरी ओर एप डाउनलोड होने के बाद मिलने वाले दोनों आप्शन में क्लिक करने के बाद भी आगे की प्रक्रिया नहीं हो पा रही है। एप में दिए आप्शन में बारकोड स्कैन करना है। स्कैन करते ही एरर दिखाने लगता है, वहीं दूसरे आप्शन में हितग्राही को पंजीकृत मोबाइल नंबर डालना होता है।

मोबाइल नंबर डालकर क्लिक करते ही हितग्राहियों को मोबाइल नंबर दर्ज नहीं होने के मैसेज आ रहे हैं। इस तरह ये दोनों ऑप्शन के बावजूद हितग्राहियों का नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। प्रदेशभर में 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण काम 25 जनवरी से शुरू हो गया है। इसके लिए खाद्य विभाग ने एप लांच किया है। इस एप में दिया ऑप्शन क्यूआरकोड और मोबाइल नंबर डालकर राशनकार्ड का नवीनीकरण किया जाना है। शुरुआती दिनों में ये दोनों ऑप्शन फेल होते दिखाई दे रहे हैं।

हरिभूमि टीम की मौजूदगी में 10 कार्डधारियों ने राशनकार्ड का नवीनीकरण करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों आप्शन से नवीनीकरण नहीं हो पाया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक दिन में 3 हजार से अधिक हितग्राहियों ने एप डानलोड किया है, लेकिन इनमें से करीब दस प्रतिशत हितग्राहियों का ही राशनकार्ड नवीनीकरण हुआ है। हालांकि विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राशनकार्ड बहुत पुराने हो गए हैं, जिसके कारण कोई-कोई बारकोड स्कैन नहीं हो पा रहे हैं। इसके लिए जल्द ही पीडीएफ में नया बारकोड जारी किया जाएगा। अधिकारियों का यह भी कहना है कि मोबाइल नंबर से नवीनीकरण पर अगर नंबर दर्ज नहीं का मैसेज आ रहा है, तो इसके लिए हितग्राही संबंधित राशन दुकान को अपना नया मोबाइल नंबर दे। यह नंबर दुकान वाला विभाग को भेजेगा, जिसे हितग्राही के राशनकार्ड से जोड़ा जाएगा। इसके बाद हितग्राही उसी मोबाइल नंबर से अपना राशनकार्ड नवीनीकरण कर सकता है।

च्वाइस सेंटरों में बढ़ी भीड़रायपुर जिले में 6 लाख से ज्यादा हितग्राहियों के राशनकार्ड बने हुए हैं। इन सभी राशनकार्ड का नवीनीकरण होना है। राशनकार्ड का नवीनीकरण आवेदन की अंतिम तारीख 15 फरवरी तय की गई है। इसे देखते हुए हितग्राहियों की च्वाइस सेंटरों में भीड़ लग रही है, लेकिन सर्वर डाउन एवं दोनों ऑप्शन में आ रही दिक्कत के कारण हितग्राही नवीनीकरण कराने के लिए बार-बार च्वाइस सेंटरों के चक्कर लगा रहे हैं।

**77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का काम 25 जनवरी से शुरू**


कहीं सर्वर डाउन तो कहीं पर च्वाइस सेंटर अपडेट नहीं
राशनकार्ड नवीनीकरण में सर्वर का लोचा, एप से घर बैठे सुविधा भी, पर मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड होना जरूरी
सीएम साय और खाद्य मंत्री बघेल की तस्वीर युक्त नए राशनकार्ड दिए जाएंगे
केस 1 सर्वर डाउन से हुए परेशान
केस 2 टीम नहीं भेजी, भटक रहे लोग
केस 3 दूसरे मोहल्ले भेजने की नौबत
केस 4 ब्राह्मणपारा में च्वाइस सेंटर अपडेट नहीं
फरवरी के तीसरे सप्ताह से मिलेंगे नए राशनकार्ड
मेन सर्वर की स्पीड बढ़ाएंगे

#### नया नंबर जोड़ा जाएगा

पीडीएफ में बारकोड कई हितग्राहियों का पुराना नंबर बंद हो गया है, कई भूल गए हैं। ऐसे हितग्राही अब राशन दुकान को अपना नया नंबर दें, जिसे राशनकार्ड में जोड़ा जाना है। दुकानदार से यह नंबर लेकर विभाग राशनकार्ड से जोड़ेगा। कई कार्ड पुराने हो गए हैं, जिसके कारण बारकोड काम नहीं कर रहा है। इसके लिए जल्द ही पीडीएफ में बारकोड जारी करेंगे, जिसके बाद आसानी से स्कैन होगा।

**- मनोज बघेल,** जिला सहायक खाद्य अधिकारी

# शिक्षा संचालनालय वापस करेगा मेडिकल छात्रों को पंजीयन शुल्क के करोड़ों रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ काउंसिलिंग में शामिल होने जमा कराया गया था पंजीयन शुल्क

राज्य के मेडिकल कालेजों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी होने के बाद संचालनालय चिकित्सा शिक्षा छात्रों को उनके पंजीयन शुल्क के करोड़ों रुपए वापस करने की तैयारी में है। नियम के तहत पात्र उम्मीदवारों के खाते में शिक्षा संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग के दौरान जमा कराया गया पंजीयन शुल्क जमा कराया जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा संबंधित बैंक प्रबंधन को इसके लिए पात्र छात्रों की सूची सौंपकर पात्रता के आधार पर उनके खाते में राशि जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक मेडिकल कालेज के पीजी और यूजी की निर्धारित सीटों पर प्रवेश के लिए होने वाली काउंसिलिंग के दौरान तमाम छात्रों से पंजीयन शुल्क जमा कराया जाता है। शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी सीट के लिए सामान्य वर्ग के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 25 हजार, आरक्षित वर्ग के लिए साढ़े 12 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। वहीं निजी कालेजों में यह फीस दो लाख रुपए निर्धारित थी। एमबीबीएस के लिए शासकीय कालेज में यूआर के लिए 10 हजार तथा आरक्षित वर्ग के लिए पांच हजार पंजीयन शुल्क लिया गया था। वहां निजी कालेजों में इसके लिए एक लाख रुपए शुल्क जमा किया गया था। नियम के मुताबिक पूरा एडमिशन होने के बाद शिक्षा संचालनालय पंजीयन शुल्क छात्रों को लौटा देता है, इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एमबीबीएस में पात्र छात्रों की संख्या 5184 है, वहीं पीजी में 1076 छात्रों को पंजीयन शुल्क वापस किया जाएगा।

#### सीट छोड़ने वालों की राशि जब्त

जानकारी के मुताबिक पंजीयन शुल्क का रिफंड उन्हीं छात्रों को किया जाता है, जो एडमिशन के दौरान अलॉट हुई सीटों पर एडमिशन लेते हैं। इसके अलावा उन छात्रों को भी पात्र माना जाता है, जिनकी पूरी काउंसिलिंग के दौरान सीटें अलॉट नहीं होती। जिन छात्रों को कालेज के साथ सीटें अलॉट हो जाती हैं और वे एडमिशन लेने के बजाए उसका त्याग कर देतें हैं, उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाती है।

# कटौती करने के उद्देश्य से नया बनाया जा रहा राशनकार्ड : सुशील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मुख्यमंत्री, खाद्यमंत्री की फोटो लगाने जनता को परेशान किया जा रहा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, छत्तीसगढ़ में वर्तमान में जो राशनकार्ड बना हुआ है, सारे राशनकार्ड को आधार कार्ड से जोड़ा गया है। इतनी फुलप्रूफ व्यवस्था के बाद क्या आवश्यकता पड़ गयी कि फिर से नया राशनकार्ड बनाने जा रहे हैं? राज्य की जो पीडीएस प्रणाली है, देश में अकेली ऐसी प्रणाली है, जहां फिंगर प्रिंट लगाने के बाद ही राशन मिलता है। सरकार में बैठे लोग सिर्फ अपनी फोटो लगाने के लिये, छत्तीसगढ़ के 77 लाख परिवारों को फिर से लाइन में खड़ा करने जा रहे हैं। यह भाजपा का जनविरोधी काम है। कांग्रेस पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है।

उन्होंने कहा, राशनकार्ड नवीनीकरण के नाम पर भाजपा अपना पुराना चरित्र दिखा रही है। इसके पहले जब-जब चुनाव के बाद भाजपा सरकार में आई है, राशन कार्ड के नवनीकरण, सत्यापन के नाम से राशनकार्ड की कटौती करती रही है।

इस बार भी बड़ी संख्या में लोगों के राशनकार्ड काटने के उद्देश्य से नवीनीकरण की प्रक्रिया अपनायी जा रही है, ताकि कम से कम लोगों को रियायती दर पर राशन देना पड़े। सरकार लोगों को राशन देना ही नहीं चाहती। पहले घोषणा करते हैं 5 वर्ष तक मुफ्त राशन देंगे, अब षडयंत्र कर राशनकार्ड घटाने का काम हो रहा है।

# जनचौपाल में ईंट का अवैध निर्माण रोकने और बिजली खंबे लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सोमवार को जनचौपाल लगाई गई। इसमें धरसींवा विकासखंड के ग्राम अकोली में ईट का अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत कर तत्काल इस पर रोक लगाए जाने की मांग की गई है। गांव में खंभों की कमी के कारण बिजली की समस्या बनी हुई है। आवेदक के आवेदन पर अपर कलेक्टर ने जल्द ही गांव की दोनों समस्या दूर करने का आश्वासन दिया है।

कलेक्टर की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर बीबी पांचभाई ने जनचौपाल के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने आवेदन देकर अपनी-अपनी समस्याएं बताई। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने ग्राम अकोली में अवैध ईंट का निर्माण होने की जानकारी देते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने गांव में बिजली खंभे की समस्या की जानकारी देते हुए जल्द से जल्द बिजली खंभे लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा जन चौपाल में डामरीकरण कराने, विकलांग पेंशन दिलवाने, नक्शा दुरुस्त करने, भूमि पट्टा दिलाने सहित कई तरह की समस्या और मांग लेकर लोग पहुंचे थे।

# सरकार बदल गई, अब तक कर्मचारियों को नहीं मिला डीए

■ सरकार की ओर से निर्णय न लिए जाने पर कर्मचारी संगठनों में रोष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ चुनाव के दौरान मिली थी अनुमति, अब तक जारी नहीं हुआ आदेश

छत्तीसगढ़ में सरकार बदल गई, लेकिन यहां के शासकीय कर्मचारियों अब तक महंगाई भत्ते की 4 प्रतिशत की किस्त अब तक नहीं मिली। चुनाव आदर्श आचार संहिता के दौरान पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को डीए देने का आदेश जारी करने की अनुमति मांगी थी। राज्य में मतदान की अंतिम तारीख के बाद चुनाव आयोग ने महंगाई भत्ता देने को लेकर अनुमति दे दी थी। अनुमति मिलने के बाद तात्कालीन वित्तमंत्री ने 26 नवंबर को फाइल लौटा दी थी। चुनाव परिणाम आने के बाद नई सरकार से कर्मचारियों ने उम्मीद लगाई कि जल्द इस पर निर्णय हो जाएगा। अब तक सरकार की ओर से निर्णय न लिए जाने पर कर्मचारी संगठनों में रोष व्याप्त है।

शासकीय कर्मचारियों द्वारा नई सरकार से यह उम्मीद की जा रही थी कि जल्द इस पर निर्णय हो और केंद्र के बराबर डीए मिले। कर्मचारी संगठनों ने इसे लेकर वित्तमंत्री से मुलाकात कर सातवें वेतनमान एरियर्स की अंतिम क़स्ति और डीए पर जल्द निर्णय लेने की मांग की। वित्तमंत्री ओपी चौधरी और वित्त सचिव ने आदेश के लिए फाइल पर जनवरी के दूसरे सप्ताह में हस्ताक्षर कर दिया। मंत्रालय के सूत्र बताते हैं कि सातवें वेतनमान के अंतिम एरियर्स किस्त में वित्तमंत्री और वित्त सचिव ने हस्ताक्षर कर दिए और फाइल को आदेश जारी करने के लिए उनके द्वारा नीचे लौटा दिया गया। मंत्रालय सूत्रों के अनुसार 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता से संबंधित फाइल वित्तमंत्री द्वारा समन्वय में भेजी गई।

एरियर्स की फाइल को भी आदेश जारी करने के बजाय समन्वय में भेज दिया गया। अब तक इस पर निर्णय नहीं हो पाया है।

#### कर्मचारी संगठनों में रोष

डीए और सातवें वेतनमान के एरियर की अंतिम किस्त जारी करने को लेकर कर्मचारी संगठनों ने अलग-अलग रणनीति बनाई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने इसे लेकर 5 फरवरी को बैठक बुलाई है। वहीं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी महासंघ ने के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने राज्य के सभी कर्मचारी, अधिकारी, शिक्षक, पेंशनर संगठनों से चर्चा कर मंगलवार को आपात बैठक बुलाई है। इसमें संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आगे की रणनीति बनाई जाएगी। कर्मचारी संगठनों ने जुलाई से डीए देने की मांग की है।

#### डीए बढ़ने से इतना लाभ

प्रदेश में 3.80 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने पर राज्य शासन को हर माह लगभग 75 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा। प्रथम श्रेणी 3800 से 5000, द्वितीय श्रेणी 2500 से 3500, तृतीय श्रेणी 1800 से 2200, चतुर्थ श्रेणी 1000 से 1600 रुपए का लाभ प्रतिमाह होगा।

### एसएनजी विद्यालय में नाट्योत्सव के दूसरा दिन

# 'मलिसंध्या' व 'चौकीदार' का भावप्रवण मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएनजी विद्याभवन में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय तेलुगु नाट्योत्सव के दूसरे दिन दो नाटिकाओं और एकपात्र अभिनय को कलाकारों ने जीवंत किया। दोनों नाटकों में आंध्रप्रदेश के फनकार, जबकि एकांकी में स्थानीय कलाकार ने अपनी भाव-भंगिमाओं से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। यह उत्सव दो सांस्कृतिक संस्थाओं कलांजलि और पीएमकेएम के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है।



#### कविता संग्रह 'अंतरंगा तरंगालु' विमोचित

इस दौरान प्रख्यात लेखिका टी सुब्बालक्ष्मी के कविता संग्रह 'अंतरंगा तरंगालु' का विमोचन भी किया गया। उन्हें इस मौके पर सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, शॉल देकर सम्मानित किया गया। वहीं कलांजलि के संस्थापक एम माधव का भी सम्मान किया गया, अपने सम्मान से अभिभूत माधव ने मंच को जैसे ही चूमा, वैसे ही वहां पर मौजूद लोगों की आंखें भर गईं। इस उत्सव का मंगलवार को अंतिम दिन है। उत्सव के दूसरे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश, बालाजी और नटराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई।

#### दो नाटिकाओं और एकांकी का मंचन

नाट्योत्सव के दूसरे दिन ऑडिटोरियम में बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति के बीच एल मुत्यालु राव के निर्देशन में श्री शिर्डी कल्चर क्रिएशन्स द्वारा पेश नाटिका 'मलिसंध्या' (गोधूलि बेला) के हास्य दृश्यों तथा पति-पत्नी के बीच की नोकझोंक का दर्शकों ने लुत्फ उठाया। वहीं एक और नाटिका पी वेंकट बाबू के निर्देशन में प्रस्तुत 'चौकीदार' में सत्तालोलुप राजनेता की कुटिलता और उसके अंत को दिखाया गया। जिसे एसवी रंगाराव कला श्रवंती एंड वेंकटेश्वरा नाट्य मंडली ने शानदार ढंग से प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में एम माधव ने एकपात्र अभिनय करके 'कर्ण' की भूमिका अभिनीत की, जिसमें महाभारत की अहम पात्र कुंती जब महारथी कर्ण को बताती हैं कि वे उनके ज्येष्ठ पुत्र हैं। यह ज्ञात होने पर कर्ण के अंतर्मन में जो द्वंद्व चलता है, उसे बड़े ही मार्मिक ढंग से पेश किया गया।

**चित्रा ने शास्त्रीय नृत्य पेश कर दिल जीता:** एक निश्चित अंतराल में कलांजलि ऑर्केस्ट्रा के गायक-गायिकाओं ने संगीतमय प्रस्तुति देकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर भिलाई की तिरुमला महिला मंडली के कलाकारों के शारदा, एस ललिता, पी अनिता, आशा और सृजना ने जहां फिल्मी गानों की धुन पर समूह नृत्य पेश किया, वहीं पी चित्रा ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर ऑडिटोरियम में बैठे हर दर्शक का दिल जीत लिया। इससे पहले गायक बी वेंकट रमन ने सुंदरकांड के द्वितीय भाग का पाठ किया।

